तैयारी

कानपुर, झांसी, शाहजहांपुर और संभल में मिलेंगी नई औद्योगिक जमीनें

डिफेंस कॉरिडोर के लिए 1681 करोड़ से खरीदी जाएगी जमीन

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। रक्षा क्षेत्र की कंपनियों से मिल रहे निवेश प्रस्तावों और जमीन की बढ़ती मांग को देखते हुए प्रदेश सरकार डिफेंस कॉरिडोर का विस्तार कर रही है। इसके तहत कानपुर, झांसी, शाहजहांपुर और संभल में करीब 790 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा।

इस पर कुल 1681 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यूपीडा बोर्ड ने इनमें से विभिन्न जमीन अधिग्रहण प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव के मुताबिक, कानपुर के नर्वल में 113 हेक्टेयर जमीन 400 करोड़ रुपये और झांसी की गरौठा तहसील में 71 हेक्टेयर जमीन 375 करोड़ रुपये में खरीदी जाएगी। वहीं, शाहजहांपुर के जलालाबाद में 277 हेक्टेयर जमीन के लिए 302 करोड़ और संभल में 329 हेक्टेयर जमीन के लिए 604 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कानपुर और झांसी के प्रस्तावों को मिलाकर 775 करोड़ रुपये के अधिग्रहण पर यूपीडा बोर्ड ने सहमति दी है।



790 हेक्टेयर जमीन का किया जाएगा अधिग्रहण

इन नए क्षेत्रों में जमीन उपलब्ध होने से रक्षा उपकरण, मिसाइल, गोला-बारूद, एयरोस्पेस और रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने वाली कंपनियों को औद्योगिक भूखंड मिल सकेंगे। संभल में 12 से अधिक कंपनियां निवेश के लिए प्रस्ताव दे चुकी हैं।

डिफेंस कॉरिडोर में अब तक कुल 35,526.76 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनमें कानपुर नोड के लिए 12,803 करोड़ और झांसी नोड के लिए 11,738 करोड़ रुपये के प्रस्ताव शामिल हैं। बढ़ते निवेश के बीच जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार अब छह मूल नोड से आगे आसपास के जिलों में भी औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की तैयारी कर रही है।